ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

Date: 28/02/2026

फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

माननीय कुलपति प्रो० अजय तनेजा जी के कुशल मार्गदर्शन में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के डिप्लोमा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण दिनांक 28 फरवरी 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस दौरान विद्यार्थियों ने नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज, लखनऊ का निरीक्षण किया तथा वहाँ उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, औषधि भंडारण एवं वितरण प्रणाली तथा जन स्वास्थ्य से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मुख्य फार्मासिस्ट श्री खुर्शीद अख्तर ने स्वास्थ्य केंद्र में भ्रमण को संपन्न कराया और विद्यार्थियों को औषधि भंडारण प्रबंधन, स्टॉक रजिस्टर रखरखाव तथा रोगियों को दवा वितरण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

फार्मेसी संकाय की निदेशक प्रो० शालिनी त्रिपाठी ने इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु उपयोगी बताया।

उक्त भ्रमण संस्थान के शिक्षकों श्री विनोद कुमार गौतम, श्री एहतेशाम अहमद, सुश्री अपेक्षा सिंह एवं सुश्री नैन्सी तिवारी द्वारा संपन्न कराया गया।



अस्पताल में प्रसव का मतलब है
जच्चा और बच्चा की सुरक्षा

फार्मेसी के विद्यार्थियों ने जाना, कैसे होता है इलाज

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के डिप्लोमा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अलीगंज स्थित नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। मुख्य फार्मासिस्ट खुर्शीद अख्तर ने औषधि भंडारण प्रबंधन, स्टॉक रजिस्टर के रखरखाव तथा दवा वितरण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। फार्मेसी संकाय की निदेशक प्रो. शालिनी त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण देने में उपयोगी साबित होते हैं। (संवाद)